प्रादेशिक समाचार
दिनांक–12.05.2024 (दोपहर–1455 बजे)

लोकसभा चुनाव के चौथे चरण के तहत कल होने वाले मतदान को लेकर आज मतदान कर्मियों को उनके मतदान केंद्रों के लिए रवाना कर दिया गया है। कल लोहरदगा, खूंटी, सिंहभूम और पलामू में सुबह सात बजे से शाम पांच बजे तक मतदान होना है। इससे पहले कल दूर–दराज के नक्सल प्रभावित मतदान केंद्रों के लिए मतदान कर्मियों को रवाना किया गया था। सभी चारों जिलों के उपायुक्त और पुलिस अधीक्षक ने संयुक्त रूप से मतदान कर्मियों को आवश्यक दिशा–निर्देश दिए और उनकी जिम्मेदारियों के बारे में बताया।

****

सिंहभूम संसदीय क्षेत्र अंतर्गत सरायकेला विधानसभा एवं खूंटी संसदीय क्षेत्र अंतर्गत खरसावां विधानसभा क्षेत्र के कुल एक हजार पचास मतदान केंद्रों में कल सुबह सात बजे से मतदान प्रारंभ होगा। इसको लेकर आज जिले के सभी मतदान कर्मियों को सुरक्षा बलों के साथ टैगिंग करते हुए मतदान केंद्र की और रवाना कर दिया गया। उपायुक्त रविशंकर शुक्ला ने बताया कि मतदान दलों के वाहनों पर जीपीएस लगाए गए हैं, ताकि मतदान के बाद वाहनो को ट्रैकिंग कर स्ट्रांग रूम तक पहुंचाया जा सके।

****

कोडरमा जिले में मतदान केन्द्रों तक आने में असमर्थ मतदाताओं को चुनाव आयोग के द्वारा होम वोटिंग की सुविधा दी जा रही है। इस क्रम में झुमरी तिलैया के कई इलाकों में पोलिंग पार्टियों ने असमर्थ मतदाताओं के घरों तक जाकर उन्हें होम वोटिंग की सुविधा उपलब्ध कराई और पोस्टल बैलेट के माध्यम से मतदाताओं ने मत पेटियों में अपने मत डाले। कोडरमा जिले में 24 ऐसे मतदाता चिन्हित किए गए जो मतदान केंद्रों तक जाने में पूरी तरह से असमर्थ पाए गए थे।

****

लातेहार जिले के दोनों विधानसभा क्षेत्र लातेहार एवं मणिका में शत प्रतिशत मतदान कराने के उदेश्य से जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। और जानकारी दे रहे हैं हमारे संवाददाता

****

मुख्य निर्वाचन पदधिकारी के रवि कुमार ने आज लातेहार जिले के विभिन्न मतदान केंद्रों का निरीक्षण किया। इस मौके पर उन्होंने स्थानीय मतदाताओं से बातचीत की। मौके पर उन्होंने पहली बार मतदान करने के लिए उत्साहित युवा मतदाताओं से भी मुलाकात की। इस अवसर पर लातेहार की उपायुक्त सह जिला निर्वाचन पदाधिकारी गरिमा सिंह भी मौजूद रहीं।

****

देश के मुख्य निर्वाचन आयुक्त राजीव कुमार ने कल लोकसभा चुनाव के चौथे चरण से पहले मतदाताओं से अपनी लोकतांत्रिक जिम्मेदारी का निर्वहण करते हुए मताधिकार का इस्तेमाल करने की अपील की है। श्री कुमार ने आकाशवाणी समाचार से विशेष बातचीत में कहा कि लोगों की सक्रिय भागीदारी से ही देश में नियमित रूप से सुचारू चुनाव संपन्न हो रहे हैं।

****

राष्ट्रीय परीक्षण एजेंसी, एनटीए ने यूजीसी–नेट की जून में होने वाली परीक्षा के लिए आवेदन की अंतिम तिथि को बढ़ा दिया है। जो अभ्यर्थी अब तक आवेदन नहीं कर पाए हैं वो अब 15 मई तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। वहीं, आवेदन में संशोधन 18 से 20 मई तक ऑनलाइन माध्यम से किया जा सकेगा।

****

आज दुनिया भर में मदर्स डे मनाया जा रहा है। यह दिवस प्रत्येक वर्ष मई महीने के दूसरे रविवार को मनाया जाता है। राज्य में आज मातृ दिवस माताओं को धन्यवाद देने और कृतज्ञता व्यक्त करने के साथ मनाया जा रहा है।

****

साहिबगंज के राजमहल थाना अंतर्गत सरकंडा टोला में एक किराने की दुकान में अवैध रूप से गांजा की खरीद बिक्री की सूचना पर त्वरित कार्रवाई करते हुए साहिबगंज पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। राजमहल के अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी विमलेश त्रिपाठी ने बताया कि जिले के पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर यह कार्रवाई की गई।

******समाप्त******